NT>

Title: Need to provide the reservation for the people belonging to the most backward community in the state of Jharkhand.

श्री राम टहल चौधरी (रांची) : अध्यक्ष महोदय, झारखंड सरकार की ओर मैं आपका ध्यान आकर्ति करना चाहता हूं। झारखंड में अति पिछड़ों की संख्या 40 प्रतिशत है। बिहार में अति पिछड़ों को बराबर आरक्षण मिलता रहा है। झारखंड में भी एक साल मिला है परन्तु इस साल अति पिछड़ों को जो आरक्षण मिलना चाहिए था, वह नहीं दिया गया है। इससे लोगों में काफी आक्रोश है।

मैं केन्द्र सरकार से आग्रह करता हूं कि अति पिछड़ों को पहले जैसा आरक्षण मिलता था, वैसा ही आरक्षण मिलना चाहिए।